वी.यू. के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय,जबलपुर में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन

पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय जबलपुर में आज दिनांक 5 जून 2023 को विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कुलपति नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर डॉ. एस.पी. तिवारी उपस्थित रहे कार्यक्रम मैं कुलपति महोदय ने इस वर्ष की पर्यावरण दिवस के विषय बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन पर चर्चा करते हुए प्लास्टिक के उपयोग के अल्टरनेटिव स्त्रोत प्लास्टिक रीसाइक्लिंग के उपायों के बारे में समझाया व दैनिक जीवन में प्लास्टिक के उपायों को कम करने के लिए प्रेरित किया, अधिष्ठाता महोदय ने प्लास्टिक अपशिष्ट को ना जलाने की सलाह दी कहा सही तरीके से अपशिष्ट निपटान की आवश्यकता के बारे में चर्चा की, इस संक्षिप्त चर्चा के उपरांत औषधीय पौधों अर्जुन, अमलतास व बहेड़ा इत्यादि का रोपण संस्थान परिसर में किया गया इस कार्यक्रम में कुलसचिव, डॉ. एस.के. जोशी, अधिष्ठाता आर.के. शर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. आदित्य मिश्रा, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अनिल गट्टानी व संस्थान के समस्त शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक व अन्य छात्र–छात्राओं ने भाग लिया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर